FORM No. III
फर्द अहकाम
(नियम 26)

# न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) एवं सक्षम प्राधिकारी (भूमि अवाप्ति) भीलवाड़ा

प्रकरण संख्या – 362/2018
किस्म मुकदमा – प्रतिकर निर्धारण

उनवान

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परियोजना निदेशक,<br>भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,<br>भीलवाड़ा | बनाम | 1. | श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र आनन्दकिशोर शर्मा निवासी माण्ड़ल, तहसील माण्ड़ल, जिला भीलवाड़ा |
| | ––प्रार्थी | | | ––विपक्षी |

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 79 के छः:लेन निर्माण/चौडाकरण हेतु अवार्ड अन्तर्गत धारा 3G राष्ट्रीय राजमार्ग भूमि अवाप्ति अधिनियम, 1956 एवं Section 24 of RFCTLARR Act, 2013 to Acquisition Under NH Act, 1956 के अन्तर्गत प्रतिकर निर्धारण**

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम, जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| **28.12.2018** | **:: आदेश ::**<br><br>भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 79 के छः लेन निर्माण/चौड़ाकरण के लिए अतिरिक्त भूमि अवाप्ति हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग भूमि अवाप्ति अधिनियम, 1956 की धारा **3 A (1)** के अन्तर्गत अधिसूचना **दिनांक 31/01/2018** को प्रकाशित की गयीं, जिसका प्रकाशन दो स्थानीय समाचार पत्रो में **दिनांक 24/02/2018** को किया गया। इसके उपरान्त विहित अधिनियम की धारा **3 D (1)** के अन्तर्गत अधिसूचना **दिनांक 14/08/2018** को प्रकाशित की गयीं, जिसका प्रकाशन दो स्थानीय समाचार पत्रो में **दिनांक 15/09/2018** को किया गया। सूचना प्रकाशन होने के उपरान्त विहित अधिनियम की धारा **3 D (2)** के अनुसार अवाप्ताधीन भूमि समस्त भारो से मुक्त होकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भारत सरकार में निहित हो चुकी है।<br><br>परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भीलवाड़ा ने पंत्राकः 4925 दिनांक 27/11/2018 के क्रम में विहित अधिनियम के तहत धारा **3D** में अधिसूचित अवाप्ताधीन भूमि का प्रतिकर निर्धारण किया जाना हैं।<br><br>परियोजना निदेशक से प्राप्त पत्र को दृष्टिगत रखते हुए विहित अधिनियम की धारा **3D** के अन्तर्गत प्रकाशित अधिसूचना का अवलोकन किया गया। अधिसूचना के अनुसार विपक्षी के खाते मे अंकित **ग्राम संतोकपुरा की आराजी नम्बर 27 में से 0.0100 हेक्टयर** भू–भाग अवाप्त किया गया हैं।<br><br>**तहसीलदार माण्ड्ल** से अवाप्ताधीन भूमि का सत्यापन प्रतिवेदन एवं जमाबन्दी की प्रति प्राप्त की गई तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। **ग्राम संतोकपुरा की आराजी नम्बर 27 रकबा 0.05 बीघा, किस्म गै0मु0 आबादी में से विपक्षी की 0.002093 हेक्टयर अर्थात 20.93 वर्ग मीटर** भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण/चौड़ाकरण में अवाप्ताधीन हैं। हितबद्ध विपक्षी द्वारा प्रार्थनापत्र मय दस्तावेज की छाया प्रति प्रस्तुत कर मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया। ग्राम पंचायत सुरास द्वारा श्री मोहनलाल पुत्र रामसुख ब्राहाम्ण, निवासी सुरास को 50 गुणा 25 फीट का बापी पट्टा दिनांक 07/12/1977 को जारी किया गया। श्री मोहनलाल पुत्र रामसुख ने उक्त प्लाट को श्री सत्यनारायण पुत्र आनन्दकिशोर ब्राहाम्ण को जरिये रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28/06/1978 को विक्रय किया गया। **अतः** तहसीलदार माण्ड्ल से | |

अति0 जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) एवं सक्षम अधिकारी (भूमि अवाप्ति) भीलवाड़ा

प्राप्त मौका जॉच रिपोर्ट एवं हितबद्ध विपक्षी द्वारा प्रस्तुत बापी पट्टा एवं रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र की छाया प्रति को आधार स्तम्भ लिया जाकर **ग्राम संतोकपुरा की आराजी नं0 27 रकबा 0.05 बीघा, किस्म गै0मु0 आबादी में से 0.002093 हेक्टयर अर्थात 20.93 वर्ग मीटर** भूमि का प्रतिकर निर्धारण हितबद्ध विपक्षी के नाम करने के आदेश दिये जाते हैं। अवाप्ताधीन भूमि की **DLC** दर उप पंजीयक **माण्ड़ल** से प्राप्त की गयीं।

राष्ट्रीय राजमार्ग भूमि अवाप्ति अधिनियम, 1956 की धारा **3 G (1) (7)** में प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए नवीन भूमि अर्जन पुनःर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार अवाप्ताधीन भूमि का निम्नानुसार प्रतिकर निर्धारण किया जाता है तथा हितबद्ध व्यक्ति/खातेदार को भुगतान करने के आदेश दिये जाते हैं –

| क0सं0 | विवरण | विवरण/प्रतिकर राशि |
|---|---|---|
| 1 | आराजी नं0 (ग्राम संतोकपुरा) | 27 |
| 2 | अवाप्ताधीन रकबा | 0.002093 हैक्टयर अर्थात 20.93 वर्ग मीटर |
| 3 | किस्म भूमि | गै0मु0 आबादी |
| 4 | हितबद्ध खातेदार | श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र आनन्दकिशोर शर्मा निवासी माण्ड़ल |
| 5 | दिनांक 31.01.2018 को **DLC** दर (प्रति वर्ग फीट) | 420– रूपये |
| 6 | दिनांक 31.01.2018 को **DLC** दर (प्रति वर्गमीटर) | 4519.20– रूपये |
| 7 | **PWD** के अनुसार ग्राम **संतोकपुरा** की शहरी सीमा से स्थित दूरी | 6.90 किमी |
| 8 | कृषि भूमि की प्रतिकर राशि (क्षेत्र **X** दर) | 94,586– रूपये |
| 9 | राज्य सरकार द्वारा निर्धारित फेक्टर दूरी 00–10 किमी पर देय कारक **1.25** गुणा की दर से राशि | 1,18,232– रूपये |
| 10 | अधिकृत मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा तैयार मूल्यांकन प्रतिवेदन अनुसार स्थायी संरचना का मूल्य | **Nil** |
| 11 | योग **(9+10)** | 1,18,232– रूपये |
| 12 | सोलिशियम (तोषण) राशि (100 प्रतिशत) कॉलम नं0 11 अंकित राशि का | 1,18,232– रूपये |
| 13 | दिनांक **31.01.2018 से 28.12.2018** तक कुल 331 दिवस का ब्याज (12 प्रतिशत से) | 10,293– रूपये |
| 14 | कुल मुआवजा राशि कॉलम नं0 **(11+12+13)** | 2,46,757– रूपये |
| 15 | कुल प्रतिकर राशि पर 10 प्रतिशत की दर से आयकर **(TDS)** कटौती | – |
| 16 | हितबद्ध खातेदार को भुगतान की जाने वाली राशि | 2,46,757– **रूपये** |
| | **अक्षरे – दौ लाख छियालीस हजार सात सौ सतावन रूपये मात्र** | |

अवाप्त भूमि का अवार्ड़ जारी किया जावे। प्रार्थी परियोजना निदेशक अवार्ड़ अनुसार प्रतिकर राशि तत्काल इस न्यायालय के बैंक अकाउन्ट में जमा कराना सुनिश्चित करेगें। विलम्ब के लिए प्रार्थी परियोजना निदेशक जिम्मेदार होगें। अवार्ड़ की प्रति प्रार्थी परियोजना निदेशक, तहसीलदार एवं हितबद्व व्यक्ति/खातेदार को प्रेषित की जावे। तहसीलदार हितबद्व व्यक्ति/खातेदार से सम्पर्क कर प्रतिकर भुगतान पत्रादि प्रस्तुत करावे। अवाप्तशुदा भूमि को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पक्ष मे राजस्व अधिकार अभिलेख मे अंकन किया जावे तथा भूमि का कब्जा परियोजना निदेशक को सुपुर्द किया जावे।

पत्रावली बाद दाखला रजिस्टर के नम्बर से कम होकर फैसल शुमार की जावे।

28/12/18

**(एल0आर0 गुगरवाल)**
**अति0 जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन)**
**एवं सक्षम अधिकारी (भूमि अवाप्ति)**
**भीलवाड़ा**